# DAYANAND COLLEGE, HISAR

## Department of Psychology

## Psychology Department Activities Session 2023-24

### Department organized a training on SPSS (Statistical Package Social Sciences) on 27.02.2024






**दयानंद महाविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग के विद्यार्थियों के लिए एसपीएसएस पर कार्यशाला का आयोजन**

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 28 फरवरी : दयानंद महाविद्यालय हिसार के मनोविज्ञान विभाग के विद्यार्थियों के लिए विगत दिवस Statistical Package for Social Sciences (SPSS) के ऊपर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ.अरुणा कद की देखरेख में किया गया। दयानन्द कॉलेज के मैनेजमेंट विभाग से डॉ. कुमारी रीना, असिस्टेंट प्रोफेसर रिसोर्स पर्सन रही। डॉ. कुमारी रीना ने अपने व्याख्यान मे बताया कि SPSS एक सॉफ्टवेयर है जिसका प्रयोग काम्प्लेक्स डाटा एनालिसिस के लिए किया जाता है। सोशल साइंस रिसर्च मे इसकी बहुत उपयोगिता है। रिसोर्स पर्सन ने विद्यार्थियों को डाटा कोडिंग, फीडिंग ऑफ डाटा और डाटा एनालिसेस के बारे में बताया। आज के युग में रिसर्च के लिए इस तरह की तकनीक एक वरदान की तरह है।भविष्य में इस से विद्यार्थियों के लाभान्वित होने की संभावना अधिक है। इस कार्यशाला में डॉ रेनू राठी, डॉ शर्मीला गुनपाल तथा मनोविज्ञान के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# Psychology Department Activities Session 2022-23

**Department organized Seminar on Guru Nanak Devji and Humanity on 09.11.2022.**

## दयानन्द महाविद्यालय में हुई ''गुरू नानकदेव जी व मानवता'' विषय पर भाषण प्रतियोगिता

**पाठकपक्ष न्यूज**



हिसार, 9 नवम्बर : दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के मनोविज्ञान विभाग द्वारा ''गुरू नानकदेव जी व मानवता'' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गुरू नानकदेव जी का समाज के उत्थान व बदलाव में बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने अपने व्याख्यान में गुरू नानकदेव जी के योगदान तथा मानवजाति में मानवता के उत्थान का वर्णन किया। मंच का संचालन बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा तनीशा ने किया। इस प्रतियोगिता में डॉ. छवि मंगला ने निर्णायक की भूमिका निभाई तथा अपने सम्बोधन में प्रतिभागियों को मंच पर प्रस्तुति के विभिन्न तरीके तथा सुझाव दिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने विद्यार्थियों को गुरू नानकदेव जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए मानवता के गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र साहिल ने प्रथम स्थान, बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा प्रीति ने द्वितीय स्थान तथा बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र विपिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा प्रोफेसर अरूणा कद ने इस आयोजन में उपस्थित सभी प्रतिभागियों तथा प्राध्यापकों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर विभाग के अन्य शिक्षकगण डॉ. रेनू राठी तथा डॉ. शर्मिला गुनपाल उपस्थित रही।








**Training Programme on Psychopathology from 23 to 30 Janurary 2023 at Manchanda Hospital.**






**Department organized Workshop on Mental Health and Music on 14.02.2023.**











डिप्रेशन और एंग्जाइटी जैसी बीमारियों का इलाज म्यूजिक के माध्यम से संभव : डॉ. विक्रमजीत सिंह

डीएन कॉलेज में मेंटल हेल्थ व म्यूजिक पर वर्कशॉप आयोजित

भास्कर न्यूज | हिसार

दयानंद कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग तथा म्यूजिक विभाग ने संयुक्त रूप से मेंटल हेल्थ एंड म्यूजिक पर कार्यशाला की। इसका मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य पर संगीत के सकारात्मक प्रभाव के बारे में जागरूक करना रहा। कार्यशाला के आरम्भ में मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष अरूणा कद ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य तथा संगीत में अटूट संबंध हैं। संगीत के द्वारा डिप्रेशन तथा एंग्जाइटी जैसी बीमारियों का इलाज संभव है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि संगीत हमारे मूड को ठीक करने में, स्ट्रेस को ठीक करने में तथा निगेटिव इमोशन्स को कंट्रोल करने में सहायक होता है। कार्यशाला में शिक्षक वर्ग के कर्मचारियों का स्ट्रेस तथा एंग्जाइटी के स्तर को चेक किया गया। इस अवसर पर डॉ. शर्मिला, डॉ. रेन. चांदनी आदि उपस्थित थे।

# Department organized Screeming of Movie PHOBIA on 24.02.2023




## दयानन्द महाविद्यालय में छात्रों को दिखाई गई फिल्म 'फोबिया'




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 फरवरी :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के मनोविज्ञान विभाग द्वारा बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्रों के लिए एक फिल्म का आयोजन किया गया। फिल्म का नाम 'फोबिया' था। 'फोबिया' एक प्रकार का मनोविकार है जिसमें व्यक्ति को विशेष वस्तुओं, परिस्थितियों या क्रियाओं से डर लगने लगता है। यानि उनकी उपस्थिति में घबराहट होती है जबकि ये चीज़ें उस वक्त खतरनाक नहीं होती है। 'फोबिया' कई प्रकार का होता है जैसे- एक्रोफोबिया- ज्यादा ऊँचाई वाली जगह से डर लगना। मीसोफोबिया- जर्म से डरना। साइनोफोबिया- कुत्तों से डरना। अगोरा फोबिया- भीड़ से डर लगना। अत: यह एक गम्भीर मानसिक विकार है जोकि व्यक्ति की सामान्य दिनचर्या को प्रभावित कर सकती है। क्योंकि बी.ए. तृतीय वर्ष के पाठ्यक्रम में 'फोबिया' विषय पर ज्ञान के लिए विद्यार्थियों को यह फिल्म दिखाई गई। इस आयोजन के दौरान मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा श्रीमती अरूणा कद, डॉ. रेनू राठी, डॉ. शर्मिला गुनपाल व लेब अटेंडेंट प्रवीन कुमार उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने इस आयोजन के लिए मनोविज्ञान विभाग को सहयोग किया तथा यह उम्मीद जताई कि इससे विद्यार्थी अवश्य लाभान्वित होंगे। उनका मानना है कि शिक्षा के लिए व्यावहारिक ज्ञान होना भी आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्क्षा श्रीमती अरूणा कद ने प्राचार्य महोदय, प्राध्यापकगणों तथा विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।

**Department organized Workshop on Personality Grooming on 28.02.2023.**










## आत्मनिर्भर बनने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए : डॉ. नागपाल


नभ-छोर न्यूज ⏭ 28 फरवरी

**हिसार।** दयानंद महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा बीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए पर्सनेलिटी ग्रुमिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके साथ ही इस कार्यशाला का उद्देश्य यह भी था कि विद्यार्थियों को उनके उन्नत भविष्य के लिए तैयार किया जाए क्योंकि यहां विद्या ग्रहण करने के पश्चात विद्यार्थियों को वास्तविक दुनियां में समायोजन के लिए, अच्छी कमाई के लिए, नौकरी लेने के लिए अच्छे साक्षात्कार की तैयारी करवाना था। मनोविज्ञान विभाग द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को निखारने के लिए तथा उनमें आत्म-विश्वास जगाने के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा प्रो. अरूणा कद ने मुख्य वक्ता डॉ. शम्मी नागपाल, एसोसिएट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग का स्वागत किया। डॉ. नागपाल ने विद्यार्थियों को साक्षात्कार से सम्बन्धित महत्वपूर्ण टिप्स बताए।

जैसे कि सेल्फ इंटरोडक्शन किस प्रकार देना चाहिए। ड्रेसिंग, आई कान्टेक्ट तथा किस प्रकार आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि किसी भी जॉब के लिए कोशिश करने में आत्मविश्वास सबसे महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि उन्हें कभी भी निराश नहीं होना चाहिए तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने मनोविज्ञान विभाग के इस प्रयास के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. रेनू राठी, डॉ. शर्मिला गुनपाल तथा प्रवीन कुमार उपस्थित रहे। कार्यशाला के अंत में डॉ. शर्मिला गुनपाल ने सभी का धन्यवाद किया।

# Department organized Extension Lecture with alumnus Dr.Barak on ‘Career in Psychology Overseas’ on 28.03.2023













**Department organized Workshop on Psychology: A New Science of Human Beings on 08.04.2023.**









# अच्छे व बेहतर व्यक्तित्व के लिए अच्छा बचपन व अच्छा पालन-पोषण जरूरी : डॉ. कचोरिया


नभ-छोर न्यूज ⏭ 08 अप्रैल

हिसार। दयानन्द महाविद्यालय में आज मनोविज्ञान विभाग द्वारा साइक्लॉजीः ए न्यू साईंस ऑफ ह्यूमन बींगस विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में डॉ. पवन कचोरिया मुख्य वक्ता रहे। डॉ. पवन कचोरिया के साथ उनकी पूरी टीम डॉ. सुमन, डॉ. दर्शना तथा मिस लक्षिका भी उपस्थित रहे। कार्यशाला के आरम्भ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने सभी वक्ताओं का स्वागत किया। उन्होंने अपने भाषण में मनोविज्ञान के विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए बताया कि आज के इस बदलाव के युग में हमें मनोविज्ञान को समझने व पढ़ने की बहुत आवश्यकता है। डॉ. पवन कचोरिया ने अपने व्याख्यान में

मनोवैज्ञानिक शैलियों के माध्यम से ठीक किया जा सकता है। एक व्यक्ति के जीवन में उसके आरम्भिक वर्षो का बहुत महत्व होता है जो आगे चलकर उसके व्यक्तित्व व विचारों को प्रभावित कर सकता है। अच्छे व बेहतर व्यक्तित्व के लिए अच्छा बचपन व अच्छा पालन-पोषण बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी बताया कि यदि हम अपने आस-पास किसी व्यक्ति को मानसिक रूप से

इसकी उपयोगिता पर बल दिया। डॉ. सुमन ने विद्यार्थियों को आपसी रिश्तों की समस्याओं व समाधान के तरीकों से अवगत कराया। उन्होंने अलग-अलग थेरेपी के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। डॉ. दर्शना ने भी विद्यार्थियों को दिन-प्रतिदिन के तनाव के बीच खुश रहकर आनंद लेना ही आर्ट ऑफ लीविंग है तथा समारात्मक रहकर व्यक्ति तनाव व चिंता को दूर कर जीवन में खुशी व

**Department organized Extension Lecture on Exam Phobia on 11.04.2023.**






## दयानन्द महाविद्यालय में परीक्षा के भय को कैसे दूर करें विषय पर व्याख्यान आयोजित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 अप्रैल** : दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के मनोविज्ञान और अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विद्यार्थी परीक्षा का भय कैसे दूर करें विषय पर एक्टेंशन लेक्चर आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मोटीवेटर श्री सुरेश कुमार ने बताया कि अच्छी संगत, अच्छी आदत व अच्छी किताबों से प्यार करके विद्यार्थी परीक्षा के भय से दूर रह सकते हैं। ध्यानविधि सबसे सर्वोत्तम उपाय है। विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित करके जीवन को सफल बना सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि विद्यार्थी परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए अपने मन के भय को दूर करके अपने अन्दर के प्रेरक को जगाएं। उन्होंने मनोविज्ञान तथा अर्थशास्त्र विभाग के इस प्रयास की सराहना की। मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा श्रीमती अरूणा कद ने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति प्रयासरत रहने पर बल दिया और अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. सुरूचि शर्मा ने कहा कि सकारात्मक वातावरण का विद्यार्थियों की मानसिक स्थित पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. मुकेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रो. पवन कुमार तथा प्रो. दीपक शर्मा ने उपस्थित सभी प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. रेनू राठी, डॉ. शर्मिला गुनपाल, प्रो. राजीव तुर्किया सहित बहुत सी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# Psychology Department Activities Session 2021-22

**Department organized Extension lecture on 'Career Opportunities in Psychology' on 06.05.2022.**












# Psychology Department Activities Session 2019-20

**Students from the Department participating District Level Science Exhibition held 4th February 2020 at Govt. P.G College , Hisar.**



GOVERNMENT COLLEGE, HISAR

('A' Grade NAAC Accredited)

INTER DISTRICT SCIENCE EXHIBITION

(SPONSORED BY DIRECTOR GENERAL HIGHER EDUCATION HARYANA)

Merit Certificate

Session 2019-2020.

This to certify that Mr./ Ms. Anu Rani

Son/ daughter of Sh. Satpal Singh

Class B.A. III Roll No. 1530820008 of Dayanand P.G. college Hisar participated in the Inter District Science Exhibition organised by Govt. College, Hisar on 04-02-2020

He/ She has secured Third position.

Convenor

Principal



GOVERNMENT COLLEGE, HISAR

('A' Grade NAAC Accredited)

INTER DISTRICT SCIENCE EXHIBITION

(SPONSORED BY DIRECTOR GENERAL HIGHER EDUCATION HARYANA)

Merit Certificate

Session 2019-2020.

This to certify that Mr./ Ms. Shyam

Son/ daughter of Sh.

Class B.A. III Roll No. 1530810119 of Dayanand P.G. college Hisar participated in the Inter District Science Exhibition organised by Govt. College, Hisar on 04-02-2020

He/ She has secured Third position.

Convenor

Principal

# Psychology Department Activities Session 2018-19

**Students from the Department participating District Level Science Exhibition held on 1st and 2nd February 2019 at FGM College , Adampur.**



Directorate of Higher Education, Haryana

District Level Science Exhibition

Organized by :-

FGM Govt. College, Adampur, Hisar

Feb. 01 to 02, 2019

*Certified that ~~Miss~~/Mr....................Vinod ....................................*

*of .......D.N. College Hisar .......Roll No.....11600226 .....................*


*Participated in District Level Science Exhibition in ....................*

*.....Psychology .....Section and Secured .......First .........................*

*Position.*

*Convener* *Principal*

**First Prize to Vinod Kumar at District Level Science Exhibition at FGM College,Adampur**



**Students from the Department participating State Level Science Exhibition held on 17th and 18th February 2019 at N.R.S Govt. college , Rohtak**











**Department organized a Lecture on Effective Listening by Dr. Sapna Brar and Dr. Darshana on 25.01.2019.**

